# नौकर

Question 1.
कॉलेज के छात्र से गाँधी जी ने क्या काम करवाया?
(a) सफाई का कार्य करवाया
(b) कपड़ों पर इस्त्री करवाई
(c) गेहूँ साफ करवाए
(d) रसोई में खाना बनवाया

▼ Answer

Answer: (c) गेहूँ साफ करवाए

---

Question 2.
गाँधी जी अपने साथियों को आड़े हाथों कब लेते थे?
(a) जब वे सफाई का ध्यान नहीं रखते थे
(b) जब वे खाना खाने से मना करते थे
(c) जब वे खाने को बेस्वाद बताते थे
(d) जब वे चटपटे भोजन की माँग करते थे

▼ Answer

Answer: (a) जब वे सफाई का ध्यान नहीं रखते थे

---

Question 3.
रात में लिखते समय लालटेन का तेल खत्म होने पर गाँधी जी क्या करते थे?
(a) अपने सेवक से लालटेन में तेल डलवाते थे
(b) सोते हुओं को जगाकर रोशनी का प्रबंध करने के लिए कहते थे
(c) चंद्रमा की रोशनी में ही पत्र पूरा कर लेते
(d) वे सो जाते थे

▼ Answer

Answer: (c) चंद्रमा की रोशनी में ही पत्र पूरा कर लेते

---

Question 4.
नोआखाली पद-यात्रा के दौरान गाँधी जी ने अपने साथ के आदमियों को क्या बनाना सिखाया?
(a) भेलपूरी
(b) ढोकला
(c) खाखरा
(d) जलेबी

▼ Answer

Answer: (c) खाखरा

---

Question 5.
गाँधी जी के मित्र की पत्नी का क्या नाम था जो पुत्र को दूध पिलाने के कारण कमजोर हो गई थी?
(a) श्रीमती पोलाक
(b) श्रीमती फ्रिडा
(c) श्रीमती जॉन
(d) श्रीमती हिलेरी

▼ Answer

Answer: (a) श्रीमती पोलाक

---

Question 6.
'नौकर' पाठ के लेखक कौन हैं?
(a) अनु बंधोपाध्याय
(b) महात्मा गाँधी
(c) सुंदरा रामस्वामी
(d) सभी कथन सत्य हैं

▼ Answer

Answer: (a) अनु बंधोपाध्याय

---

Question 7.
गाँधी जी पैदल क्यों चलते थे?
(a) पैसा बचाने के लिए
(b) पैदल चलना एक अच्छा व्यायाम है
(c) उनको डॉक्टर ने पैदल चलने के लिए कहा
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

▼ Answer

Answer: (b) पैदल चलना एक अच्छा व्यायाम है

---

Question 8.
गाँधी जी को क्या बात बिल्कुल पसंद न थी?
(a) संत महात्मा का परिश्रम न करना
(b) किसी बड़े व्यक्ति का परिश्रम करना
(c) अपने झूठे बरतन खुद धोना
(d) दिन भर सूत कातना

▼ Answer

Answer: (b) किसी बड़े व्यक्ति का परिश्रम करना

---

Question 9.
साबरमती आश्रम में गाँधी जी क्या-क्या काम करते थे?
(a) सफाई का काम
(b) आटा पीसने का काम

(c) खाना परोसने का काम
(d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं

▼ Answer

Answer: (d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं

---

गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न

(1)

कुछ वर्षों तक गाँधी ने आश्रम के भंडार का काम सँभालने में मदद दी। सवेरे की प्रार्थना के बाद वे रसोई-घर में जाकर सब्जियाँ छीलते थे। रसोईघर या भंडारे में अगर वे कहीं गंदगी या मकड़ी का जाला देख पाते थे तो अपने साथियों को आड़े हाथों लेते। उन्हें सब्जी, फल और अनाज के पौष्टिक गुणों का ज्ञान था। एक बार एक आश्रमवासी ने बिना धोए आलू काट दिए। गाँधी ने उसे समझाया कि आलू और नीबू को बिना धोए नहीं काटना चाहिए। एक बार एक आश्रमवासी को कुछ ऐसे केले दिए गए जिनके छिलकों पर काले चकत्ते पड़ गए थे। उसने बहुत बुरा माना। तब गाँधी ने उसे समझाया कि ये जल्दी पच जाते हैं और तुम्हें खासतौर पर इसलिए दिए गए हैं कि तुम्हारा हाजमा कमजोर है। गाँधी आश्रमवासियों को अक्सर स्वयं ही भोजन परोसते थे। इस कारण वे बेचारे बेस्वाद उबली हुई चीजों के विरुद्ध कुछ कह भी नहीं पाते थे। दक्षिण अफ्रीका की एक जेल में वे सैकड़ों कैदियों को दिन में दो बार भोजन परोसने का कार्य कर भी चुके थे।

Question 1.
गाँधी जी अपने साथियों को किस बात पर आड़े हाथों लेते थे?
(a) काम न करने पर
(b) गाँधी जी का कहना न मानने पर
(c) रसोईघर में सफाई न रखने पर
(d) देर तक सोने पर

▼ Answer

Answer: (c) रसोई घर में सफाई न रखने पर।

---

Question 2.
चित्तियों वाले केलों की क्या विशेषता होती हैं?
(a) वे सुपाच्य होते हैं
(b) वे सस्ते होते हैं
(c) वे अधिक दिन तक नहीं रह सकते
(d) वे गर्मियों में ही मिलते हैं

▼ Answer

Answer: (a) वे सुपाच्य होते हैं।

---

Question 3.
गाँधी जी द्वारा भोजन परोसने के कारण आश्रमवासियों को क्या सहना पड़ता था?
(a) वे भोजन की शिकायत नहीं कर सकते थे
(b) उनको बेस्वाद भोजन खाना पड़ जाता था
(c) उनको सेवा का अवसर नहीं मिलता था
(d) इनमें से कोई नहीं

▼ Answer

Answer: (b) उनको बेस्वाद भोजन खाना पड़ जाता था
उनको बेस्वाद भोजन खाकर भी संतुष्ट रहना पड़ता।

---

Question 4.
अफ्रीका की जेल में गाँधी जी क्या कार्य कर
(a) कैदियों के लिए खाना बनाने का काम
(b) कैदियों की देखभाल का काम
(c) कैदियों को भोजन परोसने का काम
(d) जेल में सफाई का काम

▼ Answer

Answer: (c) कैदियों को भोजन परोसने का काम
कैदियों को भोजन परोसने का।

---

Question 5.
'आड़े हाथों लेना' मुहावरे का अर्थ है
(a) बाएँ हाथ से किसी वस्तु को पड़कना
(b) बाईं ओर से मुड़ जाना
(c) आड़ा-तिरछा चलाना
(d) अच्छी तरह नसीहत देना (खबर लेना)

▼ Answer

Answer: (d) अच्छी तरह नसीहत देना (खबर लेना)
अच्छी तरह से खबर लेना।

---

(2)

शरीर से जब तक बिलकुल लाचारी न हो तब तक गाँधी को यह बात बिलकुल पसंद नहीं थी कि महात्मा या बूढ़े होने के कारण उनको अपने हिस्से का दैनिक शारीरिक श्रम न करना पड़े। उनमें हर प्रकार का काम करने की अद्भुत क्षमता और शक्ति थी। वह थकान का नाम भी नहीं जानते थे। दक्षिण अफ्रीका में बोअर-युद्ध के दौरान उन्होंने घायलों को स्ट्रेचर पर लादकर एक-एक दिन में पच्चीस-पच्चीस मील तक ढोया था। वह मीलों पैदल चल सकते थे। दक्षिण अफ्रीका में जब वे टॉलस्टॉय बाड़ी में रहते थे, तब पास के शहर में कोई काम होने पर दिन में अक्सर बयालीस मील तक पैदल चलते थे। इसके लिए वे घर में बना कुछ नाश्ता साथ लेकर सुबह दो बजे ही निकल पड़ते थे, शहर में खरीददारी करते और शाम होते-होते वापस फार्म पर लौट आते थे। उनके अन्य साथी भी उनके इस उदाहरण का खुशी-खुशी अनुकरण करते थे।

Question 1.
गाँधी जी कब अपने हिस्से का कार्य नहीं करते थे?
(a) जब उनसे कोई मिलने आता था
(b) जब उन्हें कही जाना होता था
(c) जब वे शरीर से बिल्कुल लाचार होते थे
(d) जब उनके पास नौकर होता था

▼ Answer

Answer: (c) जब वे शरीर से बिल्कुल लाचार होते थे।

Question 2.
बोअर-युद्ध के दौरान गाँधी जी ने क्या किया?
(a) रोगियों को भोजन दिया
(b) अनाथों की देखभाल की
(c) रसोईघर का काम संभाला
(d) घायलों को स्ट्रेचर पर ढोया

▼ Answer

Answer: (d) घायलों को स्ट्रेचर पर ढोया
घायलों को स्ट्रेचर पर ढोया था।

---

Question 3.
अफ्रीका में कहाँ रहते हुए गाँधी जी दिन में अक्सर बयालीस मील चलते थे?
(a) टॉलस्टॉय बाडी में रहते हुए
(b) केप टाउन में रहते हुए
(c) डरबन में रहते हुए
(d) लुसाका

▼ Answer

Answer: (a) टॉलस्टॉय बाडी में रहते हुए।

---

Question 4.
'अनुकरण' में उपसर्ग बताइए।
(a) अ
(b) अनु
(c) अन्
(d) करण

▼ Answer

Answer: (b) अनु
अनुकरण।

---

(3)

गाँधी अपने से बड़ों का आदर करते थे अफ्रीका में गोखले गाँधी के साथ ठहरे हुए थे। उस समय गाँधी ने उनके दुपट्टे पर इस्त्री की। वह उनका बिस्तर ठीक करते थे, उनको भोजन परोसते थे और उनके पैर दबाने को भी तैयार रहते थे। गोखले बहुत मना करते थे, लेकिन गाँधी नहीं मानते थे। महात्मा कहलाने से बहुत पहले एक बार दक्षिण अफ्रीका से भारत आने पर गाँधी कांग्रेस के अधिवेशन में गए। वहाँ उन्होंने गंदे पाखाने साफ किए और बाद में उन्होंने एक बड़े कांग्रेसी नेता से पूछा, "मैं आपकी क्या सेवा कर सकता हूँ?" नेता ने कहा, "मेरे पास बहुत से पत्र इकट्ठे हो गए हैं जिनका जवाब देना है। मेरे पास कोई कारकुन नहीं है जिसे यह काम दूँ। क्या तुम यह काम करने को तैयार हो?" गाँधी ने कहा, 'ज़रूर, मैं ऐसा कोई भी काम करने को तैयार हूँ जो मेरी सामर्थ्य से बाहर न हो।" यह काम उन्होंने थोड़े ही समय में समाप्त कर डाला और इसके बाद उन्होंने उन नेता की कमीज़ के बटन आदि लगाने और उनकी अन्य सेवा का काम खुशी से किया।

Question 1.
ठहरे हुए थे?

(a) मोतीलाल नेहरू के
(b) गोखले के
(c) बाल गंगाधर तिलक के
(d) विपिन चंद्र पाल के

▼ Answer

Answer: (b) गोखले के।

---

Question 2.
कांग्रेस के अधिवेशन में गाँधी जी ने क्या कार्य किया?
(a) रसोई में भोजन बनाया
(b) झाड़ लगाया
(c) सब्जियाँ लाए
(d) पाखाने साफ किए

▼ Answer

Answer: (d) पाखाने साफ किए।

---

Question 3.
कारकुन का क्या अर्थ है?
(a) सेवक
(b) लिपिक (क्लर्क)
(c) ड्राइवर
(d) रसोइया

▼ Answer

Answer: (b) लिपिक (क्लर्क)
लिपिक।

---

Question 4.
गाँधी जी क्या-क्या काम कर सकते थे?
(a) वे झाडू लगा सकते थे
(b) वे बर्तन माँज सकते थे
(c) वे ऐसा कोई भी कार्य कर सकते थे जो उनके जो सामर्थ्य में हो
(d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं

▼ Answer

Answer: (d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं
सभी कथन सत्य हैं।

---